सार-समाचार

सॉफ्टबॉल संघ कार्यकारिणी का सम्मान

हिंडौन। जिला सॉफ्टबॉल संघ करौली की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का इंडियन स्पोर्ट्स क्लब की ओर से नगर परिषद के पूर्व उपसभापति नफीस अहमद के निवास पर आयोजित एक संक्षिप्त कार्यक्रम में सम्मान किया गया। कार्यक्रम में हिंडौन स्पोर्ट्स क्लब के नफीस अहमद (पूर्व उपसभापति), धीरेंद्र चौधरी (निदेशक गांधी अकैडमी स्कूल), एडवोकेट आलोक सोलंकी, राष्ट्रीय खिलाड़ी अदीब अहमद, योगेश पंडित, लईक अहमद सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि जिला सॉफ्टबॉल संघ करौली के चुनाव गत 1 मार्च को शहर के मोहन नगर स्थित निर्मल हैप्पी उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में निर्वाचन अधिकारी एडवोकेट मदन मोहन शर्मा के निर्देशन में निर्विरोध संपन्न हुए। चुनाव प्रक्रिया के दौरान जिला खेल अधिकारी रमेश चंद्र गुप्ता, राजस्थान राज्य सॉफ्टबॉल संघ के प्रतिनिधि कमलेश शर्मा तथा ओलंपिक संघ के प्रतिनिधि विश्राम मीणा की गरिमामयी उपस्थिति रही। चुनाव परिणामों के अनुसार देवी सहाय शर्मा को अध्यक्ष, सियाराम चौधरी को सचिव तथा अशोक सोलंकी को कोषाध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित किया गया। उपाध्यक्ष पद पर प्रियाकांत बेनीवाल, गुलाब सिंह बेनीवाल, मनीष चौधरी एवं सियाराम चौधरी को निर्वाचित किया गया। संयुक्त सचिव पद पर भगत सिंह बेनीवाल, अपेक्षा सारस्वत, राम सहाय जाटव एवं अटल कुमार भारद्वाज को जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में नफीस अहमद, नीरज कुमार शुक्ला, भावना टांक, सुखपाल यादव एवं राजवीर सिंह को चुना गया। सम्मान समारोह के दौरान पूर्व उपसभापति नफीस अहमद ने अपने संबोधन में विश्वास व्यक्त किया कि नवनिर्वाचित कार्यकारिणी जिले में सॉफ्टबॉल खेल को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि जिले से अब तक दर्जनों खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके हैं और यह नई टीम खिलाड़ियों को और बेहतर अवसर प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। कार्यक्रम का समापन सभी पदाधिकारियों के अभिनंदन एवं उज्ज्वल भविष्य की कामनाओं के साथ हुआ।

मिट्टी में दबी डेड बॉडी मिलने से सनसनी

भुसावर भरतपुर। थाना खेडली मोड अंतर्गत आने वाले गांव अलीपुर सामंतपुरा के जंगलों में मिट्टी में दबी डेड बॉडी मिलने से सनसनी फैल गई जिसकी सूचना मिलते ही खेडली मोड थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को निकाल कर जांच करने में जुट गई। मिली जानकारी के अनुसार गांव सामंतपुरा के जंगलों में मिले शव की सूचना पर खेडली मोड थाना अधिकारी राजेश कसाना मय जाप्ता मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी लेते हुए उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया। जिसके बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैर ओमप्रकाश मीणा एवं पुलिस सीओ वीरेंद्र शर्मा मौके पर पहुंचे और थ्रेस सहित विभिन्न टीमें बुलाकर साक्ष्य जुटाने का कार्य किया। थाना खेडली मोड के एएसआई भूरसिंह ने बताया कि उक्त मामले के बाद अज्ञात शव की शिनाख्त सोशल मीडिया के माध्यम से करना शुरू किया। जिसकी शिनाख्त नरेंद्र पुत्र शिव शंकर निवासी मसारी हाल निवासी समूची फाटक खेरली के रूप में हुई। जिसकी जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और परिजनों की मौजूदगी में मेडिकल बोर्ड से पंचनामा कार्रवाई कर शव परिजनों को सुपुर्द किया गया।

उद्घाटन का इंतजार

गंगापुर सिटी । करौली रेलवे फाटक संख्या 179 पर बन रहे रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो गया है। हालांकि अभी इसका औपचारिक उद्घाटन नहीं हुआ है, लेकिन यातायात के लिए इसे खोल दिया गया है। यह ओवरब्रिज लगभग 40 करोड़ रुपए की लागत से बनाया गया है। इस ओवरब्रिज की कुल लंबाई लगभग 900 मीटर है, जबकि इसकी चौड़ाई 27 मीटर रखी गई है। यह परियोजना शहर की बहुप्रतीक्षित योजनाओं में से एक थी, जिसका उद्देश्य यातायात को सुगम बनाना है। यह ओवरब्रिज निर्धारित समय-सीमा से काफी देरी से बनकर तैयार हुआ है। इसे डेढ़ साल में पूरा होना था, लेकिन निर्माण में ढाई साल से अधिक का समय लग गया। देरी के बावजूद, अब इसका अधिकांश कार्य संपन्न हो चुका है। करौली रेलवे फाटक संख्या 179 दिल्ली-मुंबई जैसे देश के सबसे व्यस्त रेलमार्ग पर स्थित है। यहां प्रतिदिन सैकड़ों ट्रेनों का आवागमन होता है, जिसके कारण फाटक पर अक्सर लंबा जाम लग जाता था। इससे बस, ट्रक, कार, बाइक और पैदल यात्रियों को घंटों इंतजार करना पड़ता था, और फाटक खुलने पर यातायात व्यवस्था अव्यवस्थित हो जाती थी। ओवरब्रिज निर्माण में देरी के कई कारण सामने आए हैं, जिनमें बजट की समस्या, मजदूरों की कमी और मशीनों की अनुपलब्धता शामिल है। ठेकेदार की कथित लापरवाही को भी कार्य की धीमी गति का एक प्रमुख कारण माना गया।

जागरूकता कार्यशाला आयोजित

सीकर (निसं)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह के अवसर पर बेटी बचाओं, बेटी पढाओ योजना के अंतर्गत ब्लॉक स्तर पर प्रभावी जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला स्तरीय उपनिदेशक राजेन्द्र चौधरी के दिशा-निर्देशन में पर्यवेक्षक सुनीता चौधरी एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सम्पन्न हुआ। कार्यशाला में महिला सशक्तिकरण, बालिका शिक्षा, लैंगिक समानता, पोषण, सुरक्षा एवं विभिन्न विभागीय जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उपस्थित ग्रामसाथिनों, महिला क्लब सदस्यों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया गया कि वे योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र महिलाओं एवं बालिकाओं तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही विभिन्न ग्राम पंचायतों-नागवा, ताजसर, खेजड़ोलियान एवं शाहपुरा-में नारी चौपाल का आयोजन करते हुए सजग लाडों अभियान के तहत व्यापक जनजागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। नारी चौपाल के माध्यम से बेटियों के जन्म को उत्सव के रूप में मनाने, बाल विवाह निषेध, महिला अधिकारों की जानकारी एवं आत्मनिर्भरता के संदेश को घर-घर तक पहुंचाया जा रहा है। कार्यक्रम में यह भी निर्देशित किया गया कि महिला क्लबों एवं ग्रामसाथिनों की सक्रिय भागीदारी से विभागीय योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन संभव हो रहा है। ग्रामीण स्तर पर निरंतर संवाद, जागरूकता एवं सहभागिता से महिलाओं और बालिकाओं के सशक्तीकरण को नई दिशा मिल रही है, जिसके सकारात्मक परिणाम निकट भविष्य में देखने को मिलेंगे। कार्यशाला में उपस्थित प्रतिभागियों ने संकल्प लिया कि वे समाज में बेटियों के सम्मान, शिक्षा एवं सुरक्षा के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे तथा महिला सशक्तिकरण की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

सीकर-कलेक्टर ने चंग पर लगाई थाप

सीकर (निसं)। धुलंडी के अवसर पर जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा के आवास पर मंगलवार को जिला स्तरीय अधिकारियों एवं कार्मिकों ने रंगों का त्यौहार होली खेलकर एक-दूसरे को शुभकामनाएं दी। जिला कलेक्टर शर्मा ने सभी को होली के त्यौहार की शुभकामनाएं दी। जिला कलेक्टर ने भी होली धमाल का लुत्फ उठाया। चंग पर थाप लगाई और होली खेलकर अधिकारियों-कार्मिकों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि दैनिक जीवन की भागदौड़ के बीच ऐसे पल निकालना आवश्यक है। इस दौरान अधिकारियों ने भी लोक गीतों का आनंद लिया। चन्द्र प्रकाश महर्षि जिला साक्षरता अधिकारी के नेतृत्व में शेखावाटी के चंग पर लोक गीतों नृत्यों की प्रस्तुतियां दी गई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक प्रवीण नायक नुनावत, अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार, यूआईटी सचिव जेपी गोड, जिला साक्षरता अधिकारी डॉ चंद्र प्रकाश महर्षि, अधिशाषी अभियंता रामकुमार चाहिल, राकेश कुमार लाटा, सहायक प्रोग्रामर सांवरमल , प्रवीण सहित अधिकारी-कार्मिक उपस्थित रहे।

ट्रक की टक्कर से कार पलटी, एक की मौत

रतनगढ़ (निसं)। थाना क्षेत्र के मेगा हाईवे पर मंगलवार को हुए दर्दनाक सडक हादसे में कार सवार युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, सुजानगढ़ तहसील के गांव रणधीसर निवासी 29 वर्षीय दिनेश सिंह राजपुरोहित अपनी कार से रतनगढ़ से गांव की ओर जा रहे थे। पडिहारा से आगे रणधीसर रेलवे फाटक से पहले एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी कार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार कई बार पलट गई और युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।घायल को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक दिनेश सिंह रतनगढ़ के मुख्य बाजार में मोबाइल शोरूम का संचालन करते थे। उनके निधन की खबर मिलते ही व्यापारिक जगत और गांव में शोक की लहर दौड़ गई।घटना की सूचना मृतक के भाई ने पुलिस को दी। रतनगढ़ पुलिस ने मौके पर पहुंचकर क्षितग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात सुचारू कराया। शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है तथा बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा।

वजीरपुर में युवक की लाश मिलने से फैली सनसनी

- शिनाख्त नहीं होने से मोर्चरी में रखवाया शव

गंगापुर सिटी । उपखंड क्षेत्र में बुधवार सुबह एक अज्ञात युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। रायपुर और फुलवाड़ा पेपट के बीच सड़क किनारे राहगीरों ने युवक को अचेत अवस्था में देखा, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सुबह करीब 10.30 बजे हुई इस घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया। युवक को तुरंत 108 एंबुलेंस की सहायता से गंगापुर सिटी के राजकीय अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को गंगापुर सिटी राजकीय अस्पताल की मॉर्च्यरी में सुरक्षित रखवा दिया गया है, जहां उसकी शिनाख्त का इंतजार किया जा रहा है। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। युवक की उम्र लगभग 35 वर्ष बताई जा रही है। उसने स्लेटी रंग की शर्ट और सफेद रंग का पजामा पहना हुआ था। प्राथमिक जांच में शव पर किसी प्रकार के स्पष्ट चोट के निशान नहीं मिले हैं। फिलहाल मौत के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस ने आसपास के गांवों और क्षेत्र के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है और मृतक की पहचान के प्रयास जारी हैं। पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल पाएगा। पुलिस प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति को इस युवक के संबंध में कोई जानकारी हो या उसकी पहचान से जुड़ा कोई सुराग मिले, तो तत्काल नजदीकी थाने में सूचना दें। इससे मृतक की पहचान कर उसके परिजनों तक जानकारी पहुंचाई जा सकेगी।

फांसी लगा कर युवती ने जीवनलीला समाप्त

गंगापुर सिटी । रीको एरिया क्षेत्र में एक 18 वर्षीय युवती ने आत्महत्या कर ली। यह घटना मंगलवार शाम को सामने आई, जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई और परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार मृतका युवती प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही थी। वह रीको एरिया में किराए के मकान में रहकर पढ़ाई कर रही थी। मंगलवार शाम को उसने अपने कमरे में कड़े से फंदा लगाकर जान दे दी। घटना का पता चलते ही आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मृतका की पहचान वजीरपुर थाना क्षेत्र के फलवाड़ा निवासी कल्पना मीना के रूप में हुई है।

ब्राह्मण समाज का होली मिलन समारोह मनाया

रुदावल । आदर्श ब्राह्मण समाज सेवा समिति का होली मिलन समारोह पूर्व अध्यक्ष रामखिलाड़ी पचौरी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। होली मिलन समारोह के साथ ही नवीन अध्यक्ष का भी चुनाव किया गया। जिसमें सर्व सहमति से मोहनलाल पाठक को वरिष्ठ कार्यकारिणी तथा पीयूष भारद्वाज को युवा कार्यकारिणी का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। निवर्तमान अध्यक्ष राजू वैशान्दर तथा निवर्तमान युवा अध्यक्ष सचिन शर्मा एडवाडेट ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए नव मनोनीत अध्यक्ष एवं युवा अध्यक्ष का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर समाज के लोगों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर तरुण सहारिया, कुलदीप लवानियां, राजेश शर्मा, विनोद शर्मा, दीपक अन्तर्यामी, सत्यप्रकाश, श्याम सुन्दर, कपिल सहित काफी लोग मौजूद रहे।

होली का त्यौहार बड़े उत्साह के साथ मनाया

करौली। बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में रंगों और विभिन्न प्रकार की गुलालों एवं गुलाब की फूलों से होली का त्यौहार महिला पुरुषों में बड़े उत्साह पूर्वक मनाया इस अवसर पर शहर में पुलिस जाप्ता शहर के हर चौराहे पर तैनात रहा साथ ही बड़े अधिकारियों ने भी शहर की गली-गली में गस्त कर मनचलों पर रखी निगरानी इस वर्ष होली का त्यौहार चंद्र ग्रहण के कारण दो दिन चला लेकिन खास तौर से बुधवार को ही होली का त्यौहार तरह-तरह के रंग-बिरंगे रंगों और गुलालों सहित गुलाब की पुष्पों को एक दूसरे के ऊपर डालकर बड़े प्रेम से उत्साह पूर्वक मनाया गया इसके अलावा युवा चौराहे पर डीजे की धुन पर जमकर नाचे महिला भी पीछे नहीं रही महिलाओं ने भी होली गीतों पर जमकर ठुमके लगा । देखने लायक यह रहा की वैसे तो हर वर्ष होली के दूसरे दिन धूलंडी का त्यौहार बडे धूमधाम के साथ मनाया जाता रहा है लेकिन इस वर्ष होली के दूसरे दिन यानी मंगलवार को चंद्र ठाहण पडने के कारण अधिकांश लोगों ने बुधवार को ही धूलंडी की होली जमकर खेली मंगलवार को बहुत कम संख्या में लोगों ने होली खेली बुधवार को यहां के आराध्य श्री मदन मोहन जी मंदिर में प्रातः मंगला दर्शनों का लाभ लेकर दर्शनार्थियों ने होली का त्योहार मनाना शुरू किया और महिलाओं सहित लोगों ने तरह-तरह के रंग और खुशबूदार गुलाल एक दूसरे के ऊपर डालकर होली के त्यौहार का जमकर आनंद लिया शहर के फूटा कोट चौराहा पर तो शहर के युवाओं ने जमकर धूम मचाई और होली के गीतों पर जमकर ठुमके लगाए इसी प्रकार शहर के चटिकना मोहल्ला गणेश गेट सर्कल अंबेडकर सर्किल के तीन बड ट्रक यूनियन चौराहा भूडारा बाजार अनाज मंडी बड़ा बाजार हिंडौन गेट गुलाब बाग चौराहा पुरानी कलेक्ट्री सर्किल के अलावा शहर की विभिन्न कॉलोनी में महिला पुरुषों ने रंग और गुलाल जमकर उड़ाते हुए होली का त्यौहार उत्साह पूर्वक मनाया ।

इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी बुधवार को होली का त्यौहार बड़े उत्साह पूर्वक मनाया गया यहां के निकटवर्ती चैनपुर कस्बे में ग्रामीणों ने होली गीतो और केला देवी के लांगुरिया गीतों पर जमकर ठुमके लगाते हुए रंग-बिरंगे रंग और गुलाल उडाकर होली का त्यौहार जश्न के साथ मनाया होली के त्योहार पर पुलिस प्रशासन की शहर में मांकूल व्यवस्था रही जिला पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल और अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक गुमनाराम पुलिस उपाधीक्षक अनुज शुभम कोतवाली प्रभारी आध्यात्म गौतम पुलिस जाप्ता के साथ शहर की प्रमुख चौराहे और बाजारों में गस्त पर रहे जिससे शहर में होली के त्योहार पर कोई अप्रिय घटना घटित नहीं हुई।

अंडरपास का 60प्रतिशत काम पूरा

गंगापुर सिटी । गंगापुर सिटी और रेलवे कॉलोनी के बीच आवागमन की समस्या के स्थायी समाधान के लिए रेलवे फाटक संख्या 179टी पर अंडरपास का निर्माण तेजी से जारी है। लगभग 10 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे इस डबल रोड अंडरपास का 60 फीसदी से ज्यादा काम पूरा हो चुका है। इस परियोजना को मई 2026 तक आम जनता के लिए खोलने का लक्ष्य है। रेलवे प्रशासन ने इसके लिए 15 महीने की समय सीमा तय की थी, जिसमें से 10 माह बीत चुके हैं। शेष अवधि में निर्माण को अंतिम रूप देकर इसे यातायात के लिए खोलने की योजना है। निर्माण कार्य जयपुर की ब्रह्मप्रकाश मोदी कंपनी द्वारा रेलवे की तकनीकी निगरानी में किया जा रहा है। यह अंडरपास शहर के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

यूजीसी कानून के विरोध में 5 मार्च को सद्बुद्धि यज्ञ

करौली अठावाल धर्मशाला में एडवोकेट ऊधौ सिंह की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें भारत सरकार द्वारा पारित यूजीसी कानून को लेकर सामान्य समाज के विद्यार्थियों के साथ संभावित अन्याय एवं संविधान प्रदत्त अधिकारों के हनन पर गहन चर्चा की गई।

बैठक में यूजीसी विरोधी संघर्ष समिति के संयोजक योगेंद्र सिंहल ने बताया कि अठावाल समाज के जिला अध्यक्ष मूलचंद अठावाल, पूर्व अध्यक्ष बृजलाल अठावाल, वर्तमान अध्यक्ष श्याम बजाज, दिनेश पचौरी, इंद्रदेव सारस्वत, पूरन चंद शर्मा, कृष्ण कुमार शर्मा, महेश सिंह पूर्व सरपंच, दीनदयाल शर्मा, अभय शास्त्री, कृष्ण कुमार शर्मा, विजेंद्र सिंह रामपुरा, मोहन सिंह कोटा छावर, प्रकाश पाराशर ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा की द्वारा सामान्य समाज का भारतीय जनता पार्टी के प्रति सदैव सहयोगात्मक रुख रहा है तथा पार्टी के संस्थापन और विस्तार में सामान्य समाज की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इसके बावजूद सरकार द्वारा अन्य वर्गों के मतदाताओं को साधने के उद्देश्य से सामान्य समाज की उपेक्षा करते हुए यूजीसी जैसे कानून को लागू किया गया है, जिससे व्यापक असंतोष व्याप्त है।

वक्ताओं ने कहा कि माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा उक्त कानून को न्यायसंगत न मानते हुए उस पर स्थगन (स्टे) दिया गया है तथा इस प्रकरण में आगामी सुनवाई दिनांक 19 मार्च 2026 को निर्धारित है। वक्ताओं ने पूर्व में एससी-एसटी एक्ट के संबंध में सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के उपरांत संसद द्वारा संशोधन किए जाने का उल्लेख करते हुए आशंका व्यक्त की कि वर्तमान मामले में भी न्यायालय के निर्णय को परिवर्तित किया जा सकता है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि दिनांक 5 मार्च 2026 को अठावाल धर्मशाला में प्रातः 11:30 बजे विद्वान पंडितों द्वारा सद्बुद्धि यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर सरकार में बैठे जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों को सद्बुद्धि प्रदान करने एवं समय रहते इस कानून को वापस लेने की प्रार्थना की जाएगी।

मंदिरों और गलियों में मची धमाल, रंग गुलाल बिखेरती गली चौराह व बाजारों में निकली टोलियां

गंगापुर सिटी । उपखण्ड मुख्यालय और आसपास के क्षेत्रों में बुधवार को रंगों का पर्व धुलंडी पूरे उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही शहर रंग-गुलाल में सराबोर नजर आया, जहां लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। धुलंडी को लेकर लोगों में कई दिनों से उत्साह था। बुधवार सुबह से ही मस्तानों की टोलियां गली-चौराहों और प्रमुख बाजारों में निकलीं। दिन चढ़ने के साथ ही सड़कों पर रंग-गुलाल बिखरता गया। युवा, बच्चे और बुजुर्ग घरों से बाहर आकर होली गीतों की धुन पर नाचते-गाते दिखे। जगह-जगह डीजे, ढोलक और नगाड़ों की थाप पर धमाल कार्यक्रम आयोजित हुए, जिनमें सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। खाटूश्यामजी मंदिर और उसके परिसर के बाहर बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने फाग गीतों पर जमकर धमाल मचाया। मंदिरों में भी श्रद्धालुओं ने खेली होली कस्बे के प्रमुख मंदिरों में भी धुलंडी के सामूहिक आयोजन हुए। खाटूश्यामजी, कल्याणजी, सीतारामजी मंदिर और बालाजी चौक सहित अन्य मंदिरों में श्रद्धालुओं ने भजनों के साथ होली खेली। इन आयोजनों में महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी की। पारंपरिक धमाल निकाली स्वर्ण समाज की ओर से बालाजी चौक से पुरानी अनाज मंडी तक पारंपरिक धमाल निकाली गई। अनाज मंडी परिसर में सामूहिक रूप से होली खेली गई, जहां लोगों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर शुभकामनाएं दीं। पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रमुख चौराहों और गली-मोहल्लों में पुलिस बल तैनात किया गया था।

शिव धनुष भंग होते ही भावुक हो गए राजा जनक

- लटूरियां हनुमान पर रामकथा एवं रामलीला में उमड़ रहा जनसैलाब
- सन्त मनीराम दास को महन्त की मिलेगी उपाधि
- सन्त समागम,श्रीराम यज्ञ एवं भण्डारा 7 को

भरतपुर । लटूरियां हनुमान भक्त मण्डल एवं तपस्वी बाबा रामशरणदास महाराज के शिष्यों के द्वारा जयपुर नेशनल हाईवे सेवर- आगरा बाईपास, राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के पीछे स्थित प्राचीन व आस्था से भरपूर श्री लटूरियां हनुमान आश्रम पर महन्त भानूदास महाराज एवं सन्त मनीरामदास महाराज के सानिध्य में आश्रम के तपस्वी व महन्त रहे सन्त रामशरणदास महाराज की 29वीं पुण्यतिथि पर आयोजित हो रही रामकथा एवं रामलीला में भारी संख्या में सन्त और श्रद्धालु उमड़ रहे हैं।

श्रद्धालु श्री लटूरियां हनुमान एवं देशभर से आ रहे सन्तों के दर्शन कर विश्व शांति, देश व समाज के उत्थान, मानव व परिवार कल्याण की कामना कर रामकथा का रसपान कर रहे हैं। श्रीमदभागवत विद्यापीठ अयोध्या के सन्त एवं कथा वाचक तुलसीदास नव्य न्यायाचार्य ने भगवान श्रीराम की बाल लीला और विश्वामित्र, मिथिला नगर दर्शन, सीता स्वयंवर, शिव धनुष भंग, लक्ष्मण-परशुराम संवाद आदि भगवान श्रीराम-सीता विवाह आदि प्रसंग सुनाए।

लटूरियां हनुमान आश्रम के महन्त भानूदास महाराज एवं मनीरामदास महाराज ने बताया कि तपस्वी बाबा रामशरणदास महाराज की 29वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में श्रीराम कथा, रामलीला एवं सन्त दर्शन आदि कार्यक्रम हो रहे हैं जो 7 मार्च तक जारी रहेंगे। 6 मार्च को श्रीराम कथा एवं रामलीला का समापन होगा और 7 मार्च को सन्त समागम, श्रीराम यज्ञ एवं भण्डारा होगा। इसी दिन आश्रम के सन्त मनीरामदास महाराज को महन्त की उपाधि प्रदान की जाएगी।

कार्यक्रम में भरतपुर शहर एवं आश्रम के निकटवर्ती गांवों सहित उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड, हरियाणा, मध्य प्रदेश, दिल्ली, महाराष्ट्र, पंजाब, गुजरात आदि राज्यों के सन्त और श्रद्धालु भाग ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि संत समागम में हिमालय के महामंडलेश्वर अभिरामदास एवं अयोध्या के महंत रामदास सहित अयोध्या, मथुरा, वृन्दावन, चित्रकूट, पुष्कर, जनकपुरी, बनारस, प्रयागराज, गोवर्धन आदि स्थानों के संत प्रवचन करेंगे।

सार-समाचार

हेमराज पहलवान 102 किलो नाल उठाकर बने दंगल केसरी

गंगापुर सिटी । होली के अवसर पर गंगापुर सिटी क्षेत्र के महुकलां गांव में पारंपरिक दंगल का आयोजन किया गया। इस दंगल में नाल उठाने की प्रतियोगिता मुख्य आकर्षण रही, जिसमें विभिन्न राज्यों और जिलों के पहलवानों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में 102 किलो की नाल उठाकर हेमराज पहलवान ने दंगल केसरी का खिताब जीता। दंगल में 68 किलो से लेकर 102 किलो तक की नाल उठाई गईं। दूर-दराज से पहुंचे पहलवानों और दर्शकों की भारी भीड़ के कारण आयोजन स्थल पर उत्साह का माहौल रहा। दर्शकों ने तालियों और जयकारों से पहलवानों का उत्साह बढ़ाया। कड़े मुकाबलों के बाद, चुली के हेमराज पहलवान ने 102 किलो की नाल उठाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। महुकलां के वीरू पहलवान ने 98 किलो की नाल उठाकर द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि तृतीय स्थान अभिमन्यु बाढ को मिला। आयोजन समिति ने विजेता और प्रतिभागी पहलवानों को नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्हें माल-साफा पहनाकर भी उनका स्वागत किया गयझं इस दंगल को देखने के लिए आसपास के गांवों के साथ-साथ गंगापुर शहर से भी बड़ी संख्या में दर्शक पहुंचे। हुकम पटेल, अमर सिंह पटेल, मोती पटेल, रूपचंद पटेल, रामचरण पटेल, कल्ला, मोटू, लल्लू, मुन्ना, मोहन फौजी, ज्ञान सिंह, रूप सिंह, हरकेश सहित समस्त ग्रामवासियों और पंच-पटेलों ने आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। आयोजकों ने बताया कि ऐसे दंगल ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हैं और पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

फागोत्सव स्मृति धारा-2026 का आयोजन

झुंझुनूं, (निसं)। श्री राधेश्याम आर मोरारका राजकीय पीजी महाविद्यालय ने एक विशेष नवाचार करते हुए होली के रंगों के साथ महाविद्यालय के पूर्व छात्रों को फिर से मिलाने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। महाविद्यालय में रविवार को पूर्व छात्रों को छात्र परिषद उत्सव एवं फागोत्सव स्मृति धारा-2026' का प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र सिंह न्योला की अध्यक्षता में रंगारंग आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महाविद्यालय के पूर्व विद्यार्थियों, वर्तमान छात्र-छात्राओं एवं प्राध्यापकों के मध्य संवाद, सहयोग एवं सांस्कृतिक समन्वय को सुदृढ़ करना रहा। विशिष्ट अतिथि के रूप में महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ. पीके धायल, प्रोफेसर डॉ. मनोज कुल्हार तथा मोरारका ट्रस्ट के संजय शर्मा रहे। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रो. सुरेंद्र सिंह न्योला ने पूर्व छात्रों को महाविद्यालय की अमूल्य धरोहर बताते हुए उनके सतत सहयोग की सराहना की। विशिष्ट अतिथियों ने भी महाविद्यालय की शैक्षिणक एवं सांस्कृतिक परंपराओं की प्रशंसा करते हुए छात्र-छात्राओं को उत्कृष्टता की ओर अग्रसर रहने के लिए प्रेरित किया। आईक्यूएसी समन्वयक प्रोफेसर डॉ. मंजू चौधरी ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए पूर्व छात्र परिषद की गतिविधियों, उपलब्धियों एवं भावी योजनाओं पर प्रकाश डाला तथा उपस्थित अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने पूर्व छात्रों की महाविद्यालय के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए उनके सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की। कार्यक्रम के दौरान पूर्व विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए तथा महाविद्यालय से जुड़ी स्मृतियों को पुनर्जीवित किया। इस दौरान फागोत्सव के अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समूचे वातावरण को उत्साह एवं उल्लास से भर दिया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. वेदप्रकाश ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बताया कि यह आयोजन पूर्व छात्रों और वर्तमान विद्यार्थियों के मध्य सुदृढ़ संबंधों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ। मंच का सफल संचालन सह आचार्या डॉ. आकांक्षा डूडी, सह आचार्या डॉ. बरखा सिंह एवं पूर्व छात्रा हर्षिता ने किया।

स्विफ्ट कार और थार गाड़ी में भिड़ंत, एक की मौत, चार घायल

सीकर, (निसं)। जिले के रानोली थाना इलाके में नेशनल हाईवे-52 पर भीषण सड़क हादसा हो गया। रानोली क्षेत्र में हाईवे पर शिफ्ट (स्विफ्ट) कार और थार गाड़ी की आमने-सामने जबरदस्त भिड़ंत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि स्विफ्ट कार चालक बाबूलाल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार में सवार चार अन्य लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार सड़क मरम्मत कार्य के चलते हाईवे पर यातायात एक तरफा चल रहा था। इसी दौरान सीकर की ओर आ रही स्विफ्ट कार को सीकर की ओर से जा रही तेज रफ्तार थार गाड़ी ने जोरदार टक्कर मार दी। दोनों वाहनों की आमने-सामने टक्कर के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी और घायलों को इलाज के लिए तुरंत सीकर के एसके अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने स्विफ्ट कार चालक झुंझुनू के मुकुंदगढ़ निवासी बाबूलाल को मृत घोषित कर दिया। वहीं कार सवार अन्य चार जनों का इलाज शुरू किया। हादसे में कार सवार पूजा, विष्णु पारीक, इनायत अली और होमगार्ड जवान मुकेश शर्मा घायल हो गए। हादसे में घायल एक होमगार्ड जवान मुकेश की हालत गंभीर बताई जा रही है। रानोली थाना पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है और हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

श्री ढाँढ़ण शक्ति धाम में फागोत्सव मनाया

चूरू (निसं)। जिला मुख्यालय के निकटवर्ती गांव ढांढण स्थित ढांढण शक्ति मंदिर, टीडा गेला धाम में मंगलवार रात्रि को 21वां भव्य फागोत्सव होली के चंग दादीजी के संग कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दादी के दरबार में हाजिरी लगाई। इस अवसर पर रूकनसर धाम के महंत गुलाब नाथ महाराज के सानिध्य में विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस दौरान गुलाब नाथ महाराज ने बालू माटी की इस धरती पर एक धाम बड़ा अलबेला है, जहाँ रहती दोनों बहने हैं, वो टीडा-ग